संख्या- 35 / 2017 / 90 /चार-2017-32(वि0)/16

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन , लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 22 मार्च 2017

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में तहसील जमानियॉ स्थित ग्राम करहियॉ में ओपेन थियेटर (खुलामंच) के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि तहसील जमानियॉ स्थित ग्राम करहियॉ में ओपेन थियेटर (खुलामंच) के निर्माण कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था- उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 द्वारा धनराशि रू0 26.92 लाख का आगणन गठित कर उपलब्ध कराया गया । इस सम्बन्ध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-19/2015/बी-2-2973/दस-2015-10/77 दिनांक 19 अक्टूबर,2015 के निर्देशानुसार प्रायोजनाओं के मूल्यांकन एवं औचित्य के परीक्षण हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या- 4110/चार-2015-131(वि)/2015 दिनांक 03 दिसम्बर, 2015 द्वारा गठित विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आगणन का परीक्षण करते हुए कार्य की मूल्यांकित लागत रू0 26.91 लाख निर्धारित की गयी है। अतएव वित्तीय वर्ष 2016-17 में तहसील जमानियॉ स्थित ग्राम करहियॉ में ओपेन थियेटर (खुलामंच) के निर्माण कार्य हेतु रू0 26.91 लाख (रूपये छब्बीस लाख इक्यानबे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत प्रारम्भिक आगणन के क्रम में कार्य का विस्तृत आगणन का गठन कर सक्षम तकनीकी अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति निर्गत करवाने के उपरान्त ही कार्यकराया जाना सम्भव हो सकेगा।

3- कार्य की देखरेख निदेशक, संस्कृति निदेशालय के सक्षम अधिकारी के मार्गदर्शन/नियंत्रण में कार्य कराया जायेगा। विस्तृत आगणन का गठन शासनादेश संख्या- एम-19/चार-12-43(बजट)/07 दिनांक 17 मई, 2012 के अन्तर्गत अनुमन्य प्राविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा।

4- प्रश्नगत कार्य हेतु प्रदान की गयी धनराशि में तब तक उपभोग न किया जाय जब तक कि तकनीकी स्वीकृति की औपचारिकताएं पूर्ण न हो जाय।

5 - उक्त स्वीकृत धनराशि को राजकोष से आहरित कर वित्तीय हस्तपुस्तिका के अन्तर्गत नियमानुसार उ0प्र0 राज्य सहकारी संघ लि0 को उक्त निर्माण कार्य हेतु आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जायेगा।

6 - उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी। उपर्युक्त स्वीकृत धनराशि के सम्बन्ध में वित्त विभाग के मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों तथा व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशो का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7 - वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के नियमों व इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानको (स्टैण्डडर्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटरी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

8- प्रोपोराइटरी प्रकृति के कार्यो पर व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत न्यूनतम आवश्यकता एवं उच्च गुणवत्ता के आधार पर किया जायेगा।

9 - प्रायोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मानचित्रों को आवश्यकता अनुरूप कार्यदायी संस्था द्वारा स्थानीय विकास प्राधिकरण/सक्षम लोक अथॉरिटी से स्वीकृत कराया जायेगा।

10 - यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य पूर्व में किसी अन्य योजनान्तर्गत /कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न ही वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

11- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय प्रेक्षागृह /खुलामंच निर्माण की चालू योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 92- के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-आयोजनागत-800-अन्य व्यय-03-प्रेक्षागृह/खुलामंच का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

12 - यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

संख्या - 35 /2017 / 90 (1)/चार-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- जिलाधिकारी, गाजीपुर ।
3-वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- परियोजना अभियन्ता, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 प्रखण्ड वाराणसी ,अशोक विहार , वाराणसी।
6 - वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
7 - गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/